This question paper contains 4 printed pages. Roll No. .....

Ped. of Phy. Tea.

B.Sc.-B.Ed.(Pt-IV)
464-I

B.Sc.-B.Ed. (Four Year) (Part-IV) Examination- 2026
(Pedagogy of Physics Teaching)
Paper : B.Sc.-B.Ed. 08 (A/B)

ruoldpapers.com

Time Allowed : Three Hours **Maximum Marks :80**

समय सीमा : तीन घंटे **अधिकतम अंक : 80**

No supplementary answer book will be given to any candidate. Hence the candidates should write the answer precisely in the main answer book-only.

किसी भी परीक्षार्थी को पूरक उत्तर-पुस्तिका नहीं दी जाएगी। अतः परीक्षार्थियों को चाहिए कि वे मुख्य उत्तर-पुस्तिका में ही समस्त प्रश्नों के उत्तर लिखें।

All the parts of one question should be answered at one place in the answer-book. One complete question should not be answered at different place in the answer book.

किसी भी एक प्रश्न के अन्तर्गत पूछे गए विभिन्न के उत्तर, उत्तर-पुस्तिका में अलग-अलग स्थानों पर हल करने के बजाय एक ही स्थान पर हल कीजिए।

Attempt any Seven questions from sections- A carrying 5 marks each and three questions from section B, carrying 15 marks each. In all 10 questions to be attempted in this way.

खण्ड-'अ' में से किन्हीं सात प्रश्नों (प्रत्येक के 5 अंक) तथा खण्ड-'ब' में से किन्हीं तीन प्रश्नों, (प्रत्येक के 15 अंक) के उत्तर दीजिए। इस प्रकार कुल 10 प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

Write your roll number on question paper before you start writing answers of questions.

प्रश्नों के उत्तर लिखने से पूर्व प्रश्न-पत्र पर रोल नम्बर अवश्य लिखें।

Section-A/खण्ड-अ

1. Give the contribution of any one eminent Indian physicist in the field of Physics. [5]

   किसी एक प्रख्यात भारतीय भौतिकविद् का भौतिकी के क्षेत्र में योगदान का वर्णन कीजिए।

2. How will you develop scientific attitude among your students as a physics teacher? [5]

   एक भौतिक विज्ञान शिक्षक होने के नाते आप अपने विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण का विकास किस प्रकार करेंगे?

3. Explain the concept of co-operative learning approach. [5]

   सहयोगात्मक अधिगम उपागम के सम्प्रत्यय को समझाइए।

4. What do you mean by 'Improvised apparatus'? [5]

   'आशुरचित उपकरण' से आप क्या समझते हैं?

ruoldpapers.com

5. Write the principles of developing physics curriculum. [5]

   भौतिकी विज्ञान पाठ्यक्रम विकास के सिद्धान्तों को लिखिए।

6. Throw light on the use of Information technology in teaching physics. [5]

   भौतिक विज्ञान शिक्षण में सूचना तकनीकी के उपयोग पर प्रकाश डालिए।

7. Differentiate between Unit plan and Daily lesson plan. [5]

   इकाई योजना एवं दैनिक पाठ योजना के अन्तर स्पष्ट कीजिए।

8. How will you introduce the topic 'force' in your class? [5]

   आप अपनी कक्षा में 'बल' प्रकरण की प्रस्तावना किस प्रकार करेंगे?

9. Discuss in short 'Demonstration-cum-discussion' method. [5]

   प्रदर्शन सह चर्चा विधि की संक्षिप्त में विवेचना कीजिए।

10. Clarify the concept of 'Achievement test' and 'Diagnostic test'. [2.5×2]

    उपलब्धि परीक्षण व निदानात्मक परीक्षण का सम्प्रत्यय स्पष्ट कीजिए।

11. What are the main objectives of teaching physics at secondary level? [5]

भौतिक विज्ञान शिक्षण के माध्यमिक स्तर पर क्या मुख्य उद्देश्य है?

12. Why is it necessary for a physics teacher to develop academic and professional skills? [5]

भौतिक विज्ञान शिक्षण के अध्यापक के लिए शैक्षणिक एवं व्यावसायिक योग्यताओं का विकास क्यों आवश्यक है?

Section-B/खण्ड-ब

13. Define Lesson plan. Prepare an ideal lesson plan on any topic for class 'IX' in physics. [5+10]

पाठ योजना को परिभाषित कीजिए। कक्षा IX हेतु भौतिक विज्ञान में किसी प्रकरण पर आदर्श पाठ योजना बनाइए।

OR/अथवा

Mention various methods used in teaching of physics. Discuss in detail any one method which you would like to use in teaching of physics.

भौतिक विज्ञान शिक्षण में प्रयुक्त विभिन्न विधियाँ बताइए। भौतिक विज्ञान शिक्षण हेतु आप जिस विधि का उपयोग करना चाहेंगे, उस विधि की विस्तारपूर्वक विवेचना कीजिए।

14. What do you mean by correlation of subjects? Discuss the correlation of physics with other school subjects. [5+10]

विषयों के साथ सहसम्बन्ध से आप क्या समझते हैं? भौतिक विज्ञान का अन्य विद्यालयी विषयों के साथ सहसम्बन्ध की व्याख्या कीजिए।

OR/अथवा

What is science club? How will you organize science club in school? Give its importance in teaching physics. [2+8+5]

विज्ञान क्लब क्या है? विद्यालय में आप विज्ञान क्लब कैसे संगठित करेंगे? भौतिक विज्ञान शिक्षण में इसका क्या महत्व है?

ruoldpapers.com

[P.T.O.]

15. What do you mean by Evaluation? Differentiate between formative and summative evaluation in physics. Explain their educational significance. [2+8+5]

मूल्यांकन से आप क्या समझते है? भौतिक विज्ञान में संरचनात्मक व योगात्मक मूल्यांकन में अन्तर स्पष्ट कीजिए तथा उनके शैक्षिक महत्व की व्याख्या कीजिए।

OR/अथवा

Write short notes on any three of the following: [5+5+5]

(i) Content Analysis

(ii) Good physics textbook

(iii) Constructivist Approach

ruoldpapers.com

(iv) Remedial teaching

(v) Blue Print

निम्न में से किन्हीं तीन पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए

(i) विषयवस्तु विश्लेषण

(ii) भौतिकी की अच्छी पाठ्यपुस्तक

(iii) रचनावादी उपागम

(iv) उपचारात्मक शिक्षण

(v) नील पत्र

****